# राजस्थान के मुख्यमंत्री ने पेट्रोज़ोन के लिये भूमि को मंज़ूरी दी

## चर्चा में क्यों?

राजस्थान के औद्योगिक परिदृश्य को बढ़ावा देने के लिये एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक समर्पित **पेट्रोज़ोन** की स्थापना के लिये **भूमि आवंटन को मंज़ूरी** दे दी है।

- इस रणनीतिक निर्णय का उद्देश्य क्षेत्र में पर्याप्त निवेश आकर्षित करना और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है।

## मुख्य बिंदु

- **भूमि आवंटन हेतु अनुमोदन:**
  - **राजस्थान पेट्रोज़ोन** और नए औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना के लिये **राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम (RIICO) को भूमि आवंटन, सौर ऊर्जा परियोजना** के लिये **राजस्थान सोलर पार्क डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड को भूमि आवंटन तथा चंबल नदी** पर आधारित वृहद **पेयजल योजना के** लिये भूमि आवंटन को मंज़ूरी दी गई है।
  - प्रस्तावित **पेट्रोज़ोन में** विभिन्न **पेट्रोकेमिकल उद्योग स्थापित होने की आशा है, जिससे विनिर्माण और प्रसंस्करण गतिविधियों** के लिये एक केंद्र का निर्माण होगा।
- **अनुकूल वातावरण और विनिर्माण:**
  - यह पहल राज्य के **औद्योगिक बुनियादी ढाँचे को बढ़ाने** और व्यवसायों के विकास के लिये **अनुकूल वातावरण प्रदान करने के दृष्टिकोण के अनुरूप है।**
  - पेट्रोज़ोन के विकास से **रोज़गार के अनेक अवसर उत्पन्न होने की संभावना है, जिससे स्थानीय जनसंख्या** के **सामाजिक-आर्थिक उत्थान** में योगदान मिलेगा।
  - **इसके अतिरिक्त, यह पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में तकनीकी प्रगति** और नवाचार का मार्ग प्रशस्त करेगा।
  - इस कदम से **घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों निवेशकों के आकर्षित होने की संभावना है,** जिससे राज्य की आर्थिक संभावनाओं को और बढ़ावा मिलेगा।
- **राज्य का हाइड्रोकार्बन क्षेत्र:**
  - **राजस्थान में 4 पेट्रोलियम बेसिनों** के अंतर्गत हाइड्रोकार्बन की महत्त्वपूर्ण संसाधन क्षमता है।
  - ये **4 बेसिन (जैसलमेर बेसिन, बाड़मेर-सांचोर बेसिन, बीकानेर-नागौर बेसिन, विंध्य बेसिन)** राज्य के **14 ज़िलों अर्थात् बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, जालौर, जोधपुर, कोटा, झालावाड़, बारां, बूंदी** में आते हैं।, भीलवाड़ा, चूरू और चित्तौड़गढ़ 1,50,000 वर्ग किमी. के क्षेत्र में विस्तृत है।
  - **बाड़मेर-सांचोर बेसिन** में **मंगला तेल खोज को तीन दशकों में देश की सबसे बड़ी** स्थलीय खोजों में से एक माना गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rajasthan-come-approves-land-for-petrozone